exam WINNER®

**809**

SAMAGRA SHIKSHA KERALA
ANNUAL EVALUATION 2022-23

**A**

Third Language
**HINDI**

**STD. VIII**

**Time : 90 minutes**
**Score : 40**

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

---

**सूचना : व्यंग्य लेख 'जल बैंक' का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> यदि सच में पानी की ज़रूरत है, तो लोन ले लें। बस आप का मकान रेहन रहेगा। तुरंत पचास हज़ार लीटर का आपका ऋण मंजूर। आपको हर महीने पाँच हज़ार मूल और एक हज़ार सूद भरना है।

1. जल बैंक से लोन लेने के लिए क्या रेहन रहेगा? 1

   (क) ज़मीन (ख) मकान (ग) गहने (घ) गाड़ी

2. व्यंग्य लेख 'जल बैंक' किस आशय पर आधारित है? 1

   (क) धरती जल के बिना संपन्न रहेगी।

   (ख) जल का मूल्य बहुत कम है।

   (ग) जल का संरक्षण करना ज़रूरी है।

   (घ) हम पानी के बिना जी सकते हैं।

3. जल बैंक का ऋण मंजूर होने के बाद हमें क्या करना पड़ेगा? 2

4. ज़िला पंचायत के नेतृत्व में 2023 मार्च 22 को 'जल ही जान है' विषय पर एक संगोष्ठी होनेवाली है। माननीय जल-शक्ति मंत्री उद्घाटन करेंगे। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

**अथवा**

'जल संरक्षण की आवश्यकता' -विषय पर एक **टिप्पणी** लिखें।

- जल जीवन का आधार
- जल का समुचित उपयोग
- जल स्रोतों का संरक्षण

**सूचना : 'शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा' लोककथा का यह अंश पढ़ें और 5 से 7 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> "हुज़ूर, बुद्धिमान व्यक्ति जानते हैं कि सब कुछ सीख जाना संभव नहीं है। लेकिन सबको यह सीखना चाहिए कि अच्छा इंसान कैसे बन जा सकता है।"

5. 'इंसान' शब्द का समानार्थी शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) बुद्धिमान (ख) गुरु (ग) मानव (घ) शाहंशाह


6. 'हम' के स्थान पर 'मैं' का प्रयोग करके वाक्य की पूर्ति करें। 1

| |
|---|
| हम खुशी से रह सकते हैं। |
| मैं खुशी से ........ |

exam WINNER®

7. कोष्ठक के शब्दों से पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(खुशी से, अच्छे)




**सूचना : 'इस बारिश में' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 8 और 9 के उत्तर लिखें।**

> अगली फसल होते ही सब चुकता कर दूँगा
> अब तो मेरी झूठी
> ये गुज़ारिश भी चली गई
> उसीके पास अब मेरी बारिश भी चली गई।

8. 'वर्षा' के लिए कविता में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है?

(क) गुज़ारिश

(ख) बारिश

(ग) फसल

(घ) झूठी

9. कवि और कविता का परिचय देते हुए इन पंक्तियों का **आशय** लिखें। 4

**सूचना : 'सफ़ेद गुड़' कहानी का यह अंश पढ़ें और 10 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> "अच्छा पैसे मत देना। मेरी ओर से थोड़ा-सा गुड़ ले लो।" दुकानदार ने प्यार से कहा और एक टुकड़ा तोड़कर उसे देने लगा। उसने मुँह फिरा लिया और चल दिया।

10. 'उसने' में निहित सर्वनाम क्या है? 1

(क) वह (ख) हम (ग) यह (घ) वे

11. उसने मुँह फिरा लिया और चल दिया। क्यों?

(क) वह दुकानदार से डरता है।

(ख) उसे दूसरों की दया नहीं चाहिए

(ग) उसे सफेद गुड़ पसंद नहीं है।

(घ) दुकानदार ने उससे पैसा माँगा।

12. घर पहुँचकर लड़के ने माँ को दुकान की घटनाएँ बताईं। माँ और लड़के के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

13. सही मिलान करें। 4

| | |
|---|---|
| दुकानदार को लड़के पर | गुड़ नहीं लिया। |
| लड़के ने दुकानदार से | लड़के को देने लगा। |
| दुकानदार गुड़ का टुकड़ा | घर चला गया। |
| लड़का मुँह फेरकर | दया आई। |

**सूचना : 'डॉक्टर के नाम मज़दूर का पत्र' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।**

हमें मालूम है
अपनी बीमारी का कारण
वह एक छोटा-सा शब्द है
जिसे सब जानते हैं
पर कहता कोई नहीं
वह है "गरीबी"।

14. 'छोटा शब्द' में विशेषण कौन-सा है? 1

15. यह आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

मज़दूर अपनी बीमारी का कारण जानते हैं।

**सूचना : 'खूबसूरत अनुभूति है एवरेस्ट' साक्षात्कार का यह अंश पढ़ें और 16 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> जब मैं टोप पर पहुँची तो भावात्मक रूप से मैं शून्य हो गई थी। न किसी प्रकार की खुशी थी और न ही कोई गम। वॉकी-टॉकी फोन के ज़रिए मुझे सूचना दी गई कि मैं एवरेस्ट पर पहुँच गई हूँ।

16. संतोष यादव कौन है? 1

(क) पर्वतारोही (ख) अभिनेत्री

(ग) अध्यापिका (घ) डॉक्टर

17. वॉकी-टॉकी फोन के ज़रिए संतोष यादव को किसकी सूचना दी गई? 1

(क) जल्दी घर जाना है।

(ख) पराजित हो गई है।

(ग) एवरेस्ट पर पहुँची है

(घ) खाने के लिए तैयार होना है।

18. एवरेस्ट पर चढ़ने की अनुभूति को लेकर संतोष यादव की संभावित **डायरी** लिखें। 4

**अथवा**

संतोष यादव माउंट एवरेस्ट पर चढ़नेवाली भारतीय महिला है। उसका अभिनंदन करते हुए एक पत्र तैयार करें।

19. **चार सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें। 4

(क) संतोष यादव बचपन से ही निड़र थी

(ख) संतोष यादव में जिज्ञासा नहीं थी।

(ग) एक पर्वतारोही को संतुलित दिमागवाला होना है।

(घ) संतोष यादव में हिमालय पर चढ़ने की इच्छा थी।

(ङ) एवरेस्ट पर चढ़ना पर्वतारोही के लिए खूबसूरत अनुभूति है।

(च) संतोष यादव एवरेस्ट की चोटी पर नहीं पहुँची थी।